तापमान
अधिकतम 38.2 डिग्री
न्यूनतम 25.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, शुक्रवार 8 मई 2026
[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]

14 बारिश व तेज हवा से घरों के टिन शेड उड़े, धान को नुकसान

14 आवेदनों का मौके पर निराकरण नहीं होने से...


## खबर संक्षेप

### जमीनी विवाद में पिता-पुत्र के साथ मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम चारभांठा में जमीन में रास्ता मांगने को लेकर हुए विवाद में पिता-पुत्र के साथ तीन लोगों ने मारपीट कर दी। मामले की रिपोर्ट पर बागबाहरा थाने में आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। ग्राम चारभांठा के भीखम निराला पिता धरमदास निराला (62 साल) ने पुलिस को बताया कि 05 मई की रात 8 उसके रिश्तेदार (भतीजा) पुनऊ निराला, नरेंद्र निराला एवं विकास निराला उसके घर आए और मेरे हक की जमीन में आने-जाने का रास्ता मांगते हुए तीनों ने पहले उसके पुत्र हेमंत निराला के साथ गाली गलौज कर डंडे से मारपीट की, प्रार्थी ने बताया कि जब वह छुड़ाने गया तब उसके साथ भी मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी गई। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 296, 115(2), 351(2), 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### मारपीट करने वाले 4 लोगों पर जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** ग्राम बिछिया में एक व्यक्ति के साथ पुरानी रंजिश को लेकर चार लोगों ने मारपीट कर दी। ग्राम बिछिया के संतकुमार बंजारा की रिपोर्ट पर बसना थाने में आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को बिछिया के संत कुमार बंजारा ने बताया कि 04 मई की रात 10 बजे मेरे उसके पिता मोहित बंजारा के साथ विवाद के संबंध में गांव में मीटिंग रखा गया था। मीटिंग गांव के अन्य लोग उपस्थित थे। मीटिंग समाप्त होने के बाद पुरानी रंजिश को लेकर आरोपीगण राकेश बंजारा, राहुल बंजारा, सियाराम बंजारा, खीरसागर बंजारा ने एक राय होकर उसके साथ गाली गलौज कर मारपीट कर दी। बीच बचाव करने आई उसकी पत्नी संतोषी बंजारा के साथ भी मारपीट की गई। आरोपियों के विरूद्ध अपराध दर्ज किया गया है।

# ग्रामीण क्षेत्रों में जलस्तर सुधरा, पर शहर के तालाबों में गिरावट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भीषण गर्मी की शुरुआत के साथ ही जिले में जल संकट की दो अलग-अलग तस्वीरें सामने आ रही हैं। एक ओर जहां जिला प्रशासन द्वारा नहरों के माध्यम से ग्रामीण इलाकों के तालाबों को भरने के लिए 56.87 एमसीयूएम पानी छोड़ा गया है, वहीं दूसरी ओर शहर के तालाब पूरी तरह सूखने की कगार पर हैं।

शहर के भीतर जलस्तर गिरने से स्थानीय निवासियों की दैनिक समस्याएं बढ़ गई हैं। सिंचाई विभाग द्वारा बांधों से छोड़े गए पानी का लाभ ग्रामीण क्षेत्रों को मिलना शुरू हो गया है। इस पानी का मुख्य उद्देश्य रबी फसलों की सिंचाई सुनिश्चित करना और ग्रामीण निस्तारी (दैनिक कार्यों) के लिए तालाबों को भरना है। नहरों के माध्यम से गांवों के तालाब लबालब हो रहे हैं, जिससे मवेशियों के लिए पीने के पानी और ग्रामीणों के लिए स्नान व अन्य कार्यों में सुगमता हो रही है। इस निर्णय से किसानों को अपनी फसलों को बचाने में बड़ी मदद मिली है लेकिन शहर में गहराता यह जल संकट आने वाले हफ्तों में और विकराल हो सकता है। शहरवासियों की मांग है कि प्रशासन ग्रामीण क्षेत्रों की तरह शहर के तालाबों के लिए भी कोई विशेष योजना बनाए ताकि निस्तारी और गिरते भू-जल स्तर की समस्या का स्थाई समाधान हो सके।

## शहर के भीतर जलस्तर गिरने से स्थानीय निवासियों की दैनिक समस्याएं बढ़ी

### शहर के तालाबों की स्थिति चिंताजनक

ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में शहर की स्थिति बिल्कुल विपरीत है। शहर के प्रमुख तालाब जैसे महासमुंद का बड़ा तालाब, मोहारीभाठा तालाब और अन्य छोटे जल स्रोत धीरे-धीरे सूख रहे हैं। तालाबों के सूखने से आसपास के बोरवेल और कुओं का जलस्तर भी काफी नीचे चला गया है। शहर के कई वार्डों के लोग आज भी नहाने और कपड़े धोने जैसे कार्यों के लिए तालाबों पर निर्भर हैं। पानी कम होने और गंदगी बढ़ने से लोगों को परेशानी हो रही है।



### नगरवासियों ने जताई नाराजगी

शहर के निवासी राजेश कुमार, शांति बाई और मनोज साहू शामिल हैं, ने अपनी व्यथा बताते हुए कहा कि तालाबों में पानी न होने से अब हैंडपंपों ने भी साथ छोड़ना शुरू कर दिया है। नगरवासियों का कहना है कि यदि शहर के प्रमुख तालाबों में भी नहर के माध्यम से पानी भरने की व्यवस्था की जाती, तो भू-जल स्तर बना रहता और लोगों को इस किल्लत से जूझना नहीं पड़ता।

## कार्रवाई : महाराष्ट्र के अहमदनगर ले जाने के दौरान हुई कार्रवाई

# दो तस्कर पिकअप में महाराष्ट्र ले जा रहे थे 1.14 करोड़ का गांजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

अंतर्राष्ट्रीय बाजार में तकरीबन सवा करोड़ मूल्य का गांजा सिंघोड़ा पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा है। पिकअप वाहन में भरा हुआ गांजा महाराष्ट्र ले जाए जाने की सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी करते हुए मामले में संलिप्त दो अंतर्राज्यीय तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। उक्त कार्रवाई में सिंघोड़ा पुलिस और एंटी नारकोटिक टास्क फोर्स शामिल रही।

मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को गोपनीय सूत्रों से जानकारी मिली थी कि ओडिशा की ओर से एक पिकअप



वाहन एमएच 16 सीडी 8741 में भारी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ गांजा भरकर छत्तीसगढ़ के रास्ते महाराष्ट्र ले जाया जा रहा है। सूचना मिलते ही एंटी नारकोटिक टास्क फोर्स और सिंघोड़ा पुलिस की टीम ने नेशनल हाईवे 53 पर स्थित गनियारीपाली ग्राम के पास सिल्की ढाबा के सामने नाकाबंदी की। नाकाबंदी के दौरान जब संदिग्ध पिकअप वाहन वहां पहुंचा, तो पुलिस ने उसे रोककर तलाशी ली। वाहन की ऊपर से देखने पर उसमें प्लास्टिक के खाली कैरेट भरे हुए थे। लेकिन जब पुलिस ने सघन तलाशी ली, तो कैरेट के नीचे छिपाकर रखी गई प्लास्टिक की बोरियां बरामद हुईं। इन बोरियों को खोलने पर उनमें कुल 226.600 किलोग्राम गांजा मिला। जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया।

### महाराष्ट्र के रहने वाले हैं आरोपी

वाहन में सवार दो व्यक्तियों को पुलिस ने हिरासत में लिया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान अजिनाथ आश्रु जाधव (28 वर्ष) निवासी खेडेगांव, जिला अहमदनगर, महाराष्ट्र, अक्षय बारूक मोरे (32 वर्षः निवासी पाटेगांव, जिला अहमदनगर, महाराष्ट्र के रुप हुई हैं। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे यह गांजा ओडिशा के बालीगुडा से लेकर आए थे और इसे महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले में खपाने की योजना थी।

### कुल 1.22 करोड़ की संपत्ति जब्त

पुलिस ने इस कार्रवाई में गांजे के साथ-साथ तस्करी में इस्तेमाल किया गया पिकअप वाहन कीमत 8 लाख रुपये और 3 मोबाइल फोन कीमत 45 हजार रुपये भी जब्त किए हैं। जब्त की गई कुल संपत्ति की कुल कीमत 1 करोड़ 22 लाख 75 हजार रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(बी) के तहत मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

# आदिवासी किसान ने आत्मदाह की दी चेतावनी अंततः 6 माह बाद दर्ज हुई भाजपा नेता पर विभिन्न धाराओं में एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

जिले के पिथौरा थाना क्षेत्र के ग्राम डोंगरीपाली में आदिवासी परिवार के साथ कथित जातिसूचक गाली-गलौज, धमकी और धान फसल जप्ती मामले में भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य पिछड़ा वर्ग मोर्चा के नेता दुलीकेशन साहू तथा उसकी पत्नी किरण साहू के खिलाफ लगभग 6 माह बाद एफआईआर दर्ज कर ली गई है। उल्लेखनीय है कि किरण साहू वर्तमान में भाजपा मंडल महामंत्री एवं



ग्राम पंचायत डोंगरीपाली की सरपंच हैं। पुलिस ने दोनों के विरुद्ध अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 संशोधन 2015 की धारा 3(1)(द), 3(1)(ध), 3(2)(v) सहित बीएनएस की धारा 296, 351(2) एवं 3(5) के तहत मामला दर्ज किया है।

मिली जानकारी अनुसार ग्राम डोंगरीपाली स्थित भूमि खसरा नंबर 425/1 रकबा 1.37 हेक्टेयर में मनबोध कोड़ाकू अपने परिवार राजकुमार, खेलकुमार, पाला बाई, मेला बाई, हेमबाई, नत्थुराम, टिकेश्वर, और गणेश कोड़ाकू के साथ 10 नवंबर 2025 को धान कटाई कर रहे थे। आरोप है कि इसी दौरान दुलीकेशन साहू अपनी पत्नी किरण साहू के साथ खेत पहुंचे और जमीन को अपना बताते हुए मनबोध कोड़ाकू, उनके भाई तथा महिलाओं के साथ जातिसूचक गाली-गलौज की। साथ ही जान से मारने की धमकी देने और राजनीतिक प्रभाव का धौंस दिखाने का भी आरोप लगाया गया है। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि भाजपा नेता ने स्वयं को मंत्री, सांसद और विधायक का करीबी बताते हुए अपने राजनीतिक रसूख का हवाला देते हुए पिथौरा एसडीएम के माध्यम से खेत मालिक की अनुपस्थिति में धान कटवाकर जप्ती करवा दी। बताया जा रहा है कि उक्त धान आज तक जप्त रखा गया है और मामले में लगातार पेशी दी जा रही है। आदिवासी मनबोध कोड़ाकू का आरोप है कि न्याय के लिए उन्होंने थाना, पुलिस अधीक्षक कार्यालय और एसडीएम कार्यालय के लगातार चक्कर लगाए, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। न्याय नहीं मिलने से परेशान होकर उन्होंने 7 मई को मुख्यमंत्री निवास के सामने आत्मदाह की चेतावनी दी थी। इसके बाद प्रशासन हरकत में आया और एफआईआर दर्ज की गई।

### एफआईआर के बाद भी गिरफ्तारी नहीं

एफआईआर दर्ज होने के बाद भी अब तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने से पीड़ित आदिवासी परिवार में भय और असुरक्षा का माहौल बना हुआ है। परिवार का कहना है कि आरोपी राजनीतिक प्रभाव वाले लोग हैं, जिसके कारण उन्हें लगातार दबाव और डर का सामना करना पड़ रहा है। पीड़ित पक्ष ने प्रशासन से जल्द गिरफ्तारी कि मांग की है, ताकि उन्हें निष्पक्ष न्याय मिल सके। इधर, मनबोध कोड़ाकू ने कहा कि एफआईआर दर्ज होने से उन्हें न्याय मिलने की उम्मीद जगी है, लेकिन उनकी मेहनत की धान फसल अब भी जप्त है। वहीं इस संबंध में पिथौरा एसडीएम बजरंग सिंह वर्मा ने कहा कि धारा 145 के तहत मामला न्यायिक प्रक्रिया में है तथा सभी पक्षों को सुनवाई का अवसर दिया जा रहा है।

### मादा नील गाय अवैध शिकार प्रकरण में तीन आरोपियों ने किया समर्पण



**महासमुंद।** शासन के मंशानुरूप अवैध शिकार के प्रकरणों में त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने तथा दोषियों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्यवाही किए जाने की दिशा में वन विभाग निरंतर सक्रिय है। इसी क्रम में 7 मई 2026 को वन परिक्षेत्र पिथौरा अंतर्गत परिवृत्त पूर्व पिथौरा के परिसर सुखीपाली में कक्ष क्रमांक 234 के समीप शांतिनगर (सुखीपाली) में दिनांक 04 मई को हुए वन्यप्राणी मादा नीलगाय अवैध शिकार के प्रकरण में ग्राम शांतिनगर सुखीपाली निवासी फरार मुख्य आरोपी ईश्वर राणा वल्द मनीराम राणा जाति कुम्हार, टंकधर वल्द सीताराम जाति सतनामी एवं विद्याधर वल्द ललित प्रधान उम्र 50 वर्ष द्वारा वन परिक्षेत्र कार्यालय पिथौरा में आत्मसमर्पण किया गया। आत्मसमर्पण उपरांत आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर घटना के संबंध में गहन पूछताछ की जा रही है। प्रकरण में भारतीय वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत कार्यवाही करते हुए आरोपियों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। उक्त प्रकरण में एक आरोपी अभी भी फरार है, जिसकी पतासाजी एवं गिरफ्तारी हेतु सतत प्रयास किए जा रहे हैं। उक्त कार्यवाही मयंक पाण्डेय वनमंडलाधिकारी, सामान्य वनमंडल महासमुन्द के आदेशानुसार तथा डिम्पी बैस, संयुक्त वनमंडलाधिकारी, उप वनमंडल पिथौरा के मार्गदर्शन में एवं सुखराम निराला, वन परिक्षेत्र अधिकारी पिथौरा के निर्देशन में संपादित की गई। इस कार्यवाही में ललित कुमार पटेल (वनपाल, सहायक परिक्षेत्र अधिकारी पूर्व पिथौरा), कोकिलकांत दिनकर (वनरक्षक), पुष्पा नेताम (वनरक्षक), विरेन्द्र बंजारे वनरक्षक, प्रभा ठाकुर वनरक्षक सहित अन्य वन कर्मचारियों एवं सुरक्षा श्रमिकों का विशेष सहयोग रहा।

# छड़-सीमेंट व कागजात लेने के बहाने चोरी, चार मामलों में एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के कोमाखान थाने के बाद अब सांकरा थाने में छड़-सीमेंट का भुगतान के नाम पर अज्ञात व्यक्ति ने घर वालों को झांसा देकर ग्राम अंसुला, लोहरीनडोंगरी और पेंड्रावन के तीन घरों में घुसकर लाखों के सोने-चांदी के आभूषण सहित नगद पार करने का मामला सामने आया है। वहीं सांकरा थाना क्षेत्र के ग्राम झगरेनडीह में कागजात लेने के बहाने घर घुसकर हजारों की चोरी को अंजाम दिया गया है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में हो रही इस तरह की चोरियों से जहाँ लोगों में दहशत है और पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठ रहे हैं। जानकारी के अनुसार ग्राम अंसुला निवासी नीलकंठ निषाद ने थाने में शिकायत की है कि 20 नवंबर 2025 को वह ग्राम परिपानी धान काटने गया था। शाम करीब 4 बजे पुत्र भुनेश्वर निषाद ने फोन कर बताया कि एक व्यक्ति प्लेटिना में घर आया और बोला कि तुम्हारे पिता ने छड़-सीमेंट मंगाया है, मैं लेकर आ गया हूं, बाहर मे गाड़ी खड़ी है, मेरे साथ चलो कहकर चारभांठा रास्ते में मुझे ले जाकर खड़ा कर दिया और वापस घर तरफ आया तो मुझे शक हुआ। वह भी कुछ देर बाद घर वापस आया, तो वह घर से निकल रहा था, जिसे रूकने कहा, लेकिन वह भाग गया। तब मैं परीपानी से तुरंत घर वापस आया और आलमारी को चेक किया तो दो सोने की माला 13 ग्राम (कीमती 39 हजार रुपए) , 05 ग्राम सोने का झुमका (कीमती 15 हजार रुपए),. 01 ग्राम नाक का फुल्ली (कीमती 3 हजार रुपए) और नकदी 7 हजार रुपए कुल 64 हजार रुपए गायब थे। इसी तरह प्रकार ग्राम लोहरीनडोंगरी निवासी प्रदीप कुमार भोई ने थाने में शिकायत की है कि 27 नवंबर 2025 को सुबह लगभग 11 बजे ग्राम बड़े लोरम गया था घर में मां अकेली थीं। लगभग 2 बजे घर वापस आया तो उन्होंने पूछा कि किसी व्यक्ति को छड़ का पैसा लेने घर भेजा था क्या। मां ने बताया कि एक व्यक्ति बाइक में घर आया था तथा कहा-तुम्हारा लड़का छड़-सीमेंट का पैसा लेने के लिए घर भेजा है। पैसे के बारे में नहीं जानती कहा, तो उसने कहा अलमारी के अंदर कपड़े में चाबी रखी है। फिर पानी पिलाना कहकर पानी लेने भेजा और घर अंदर घुस गया था। कमरे में जाकर देखा तो आलमारी का लॉकर टूटा हुआ था तथा आलमारी से 500 रुपए के 60 नोट तथा 200रुपए के 50 नोट कुल 40 हजार रुपए गायब थे। छड़-सीमेंट के नाम पर चोरी की तीसरी घटना ग्राम पेंड्रावन में भी हुई जहां अज्ञात आरोपी ने एक घर से 70 हजार रुपए की चोरी कर ली। इस मामले की रिपोर्ट हिरामन सिदार पिता टीकाराम सिदार (45 वर्ष) पेंड्रावन ने सांकरा थाने में लिखाई है।

### कागजात लेने के बहाने चोरी को दिया अंजाम

सांकरा थाना अंतर्गत ग्राम झगरेनडीह निवासी नीलमणी प्रधान ने थाने में शिकायत की है कि 25 नवंबर 2025 की दोपहर 12 बजे वह धान काटने खेत गया था। शाम को घर लौटा तो बेटी सौम्या प्रधान ने पूछा कि आप किसी को करीब 12:30 बजे घर भेजे थे क्या। नहीं कहने पर बेटी ने बताया कि एक व्यक्ति प्लेटिना में घर आया था और बोला कि आपके पापा मुझे भेजे हैं, पेटी मे कोई कागजात है, उसे लेना है दो कहकर घर अंदर गया और मुझे पानी लाने के लिए बोला। पानी लेकर वापस आई तो वह आदमी भाग गया था और पेटी का ताला टूटा हुआ था। जब मैने पेटी को चेक किया तो 1 सोने का हाफ कर्णफूल 7 ग्राम व 1 नग सोने की चार फोकली माला 5 ग्राम तथा 79 हजार रुपए गायब था । पुलिस ने उक्त तीनों मामलों में बीएनएस की धारा 331(4), 305( ए) के तहत मामला दर्ज किया है।

### गाली गलौज करने से मना करने पर मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

गाली गलौज करने से मना करने पर एक व्यक्ति के साथ दो लोगों ने मारपीट कर दी। बागबाहरा थाने में आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिसको श्रवण साहू वार्ड नंबर 09 कर्रापारा बागबाहरा ने बताया कि 7 मई को दोपहर करीब 2 बजे घर के बाहर गाली गलौज कर रहे संतोष यादव उर्फ बउ और प्रेम चौहान को उसने गालियां देने से मना किया। इस पर दोनों ने जान से मारने की धमकी देकर मारपीट की। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 296, 115(2), 351(2), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

## हरदा बसना में समाधान शिविर का हुआ आयोजन

# शासन की मंशा लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान करना : कोसरिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप प्रदेशभर में आयोजित सुशासन तिहार 2026 के तहत जिले के बसना विकासखंड अंतर्गत ग्राम हरदा में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में महिला आयोग की सदस्य सरला कोसरिया शामिल हुई। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य कुमारी भास्कर, कलेक्टर विनय कुमार लंगेह एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि गण, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व हरिशंकर पैकरा एवं तहसीलदार कृष्ण कुमार साहू मौजूद थे। शिविर में जनप्रतिनिधियों द्वारा आमजनों को शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने प्रेरित किया गया। महिला आयोग की सदस्य सरला कोसरिया ने शिविर में उपस्थित ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं एवं मांगें सुनीं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के साथ समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए। शिविर में उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में समाधान शिविर के माध्यम से शासन और आमजन के बीच संवाद को मजबूत करना है तथा लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान करना है। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने कहा कि शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल, राजस्व, सामाजिक सुरक्षा, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, पेंशन एवं अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित समस्याओं के निराकरण में संवेदनशीलता के साथ कार्य करें।



इससे पूर्व जनप्रतिनिधियों एवं कलेक्टर द्वारा विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का अवलोकन कर मांग एवं शिकायत संबंधी आवेदनों की निराकरण की जानकारी ली गई तथा संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए गए। स्टॉल में विभिन्न विभागों द्वारा आमजनों को योजनाओं की जानकारी दी गई तथा पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित भी किया गया। इस अवसर पर आरसेटी के तहत प्रशिक्षार्थियों को प्रमाण पत्र सौंपे गए। इसी तरह किसानों को ऋण पुस्तिका एवं अन्य हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र एवं अन्य दस्तावेजों का वितरण किया गया। इस दौरान 16 ग्राम पंचायतों हरदा, बड़ेसाजापाली, बेलटिकरी, बुटीपाली, बनडबरी, उड़ेला, जमदरहा, पुरुषोत्तमपुर, कुरमाडीह, चिपरीकोना, लोहड़ीपुर, मुनगाडीह, सलखंड, बुन्देलाभांठा, ढालम, चनाट के ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं एवं मांगों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। इस अवसर पर जनप्रतिनिधिगण, जिला एवं विकासखंड स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप

### अपेक्स बैंक के एमडी काण्डे प्रतिनियुक्ति से वापस बुलाए गए

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन के सहकारिता विभाग ने आज एक महत्वपूर्ण आदेश जारी करते हुए प्रशासनिक स्तर पर बदलाव किया है। आदेश के अनुसार, छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक (अपेक्स बैंक) के प्रबंध संचालक केएन काण्डे की प्रतिनियुक्ति समाप्त कर उन्हें मूल विभाग में वापस बुला लिया गया है। श्री काण्डे को प्रतिनियुक्ति से वापस लेते हुए आगामी आदेश तक कार्यालय आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयक सहकारी संस्थाएं, नवा रायपुर में पदस्थ किया गया है। श्री काण्डे 14 जुलाई 2020 से अपेक्स बैंक, रायपुर में प्रबंध संचालक के पद पर अपनी सेवाएं दे रहे थे। सहकारिता विभाग द्वारा यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है। लगभग 6 वर्षों के सफल कार्यकाल के बाद श्री काण्डे अब सहकारिता आयुक्त कार्यालय में अपनी नई जिम्मेदारियों का निर्वहन करेंगे।

### 9 को नेशनल लोक अदालत

**रायपुर।** भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा आम जनता तक पहुचने तथा आपसी सहभागिता एवं सहमति से विवादों के समाधान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से समाधान समारोह विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। यह आगामी 9 मई को नेशनल लोक अदालत आरंभ होकर 21, 22 एवं 23 अगस्त को विशेष लोक अदालत के माध्यम से लंबित मामलों का निराकरण सम्पन्न होगा।

### रामलला दर्शन के लिए रवाना हुए 850 श्रद्धालु

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की महत्वाकांक्षी रामलला दर्शन योजना के तहत रायपुर संभाग के 850 श्रद्धालु एक विशेष ट्रेन से अयोध्या धाम और काशी विश्वनाथ के दर्शन हेतु रवाना हुए। रायपुर रेलवे स्टेशन पर विदाई का दृश्य ऐसा था, मानो पूरा शहर भक्ति के रस में डूब गया हो। रामलला दर्शन योजना आज छत्तीसगढ़ में केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि जन-जन की आस्था का सेतु बन चुकी है।

### वेंकटेश्वरलु होंगे एनएचएआई के क्षेत्रीय अधिकारी

**रायपुर।** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के क्षेत्रीय कार्यालय में आर. वेंकटेश्वरलु ने नए क्षेत्रीय अधिकारी के रूप में पदभार ग्रहण किया। वे इससे पूर्व ओडिशा के कोरापुट में प्रोजेक्ट डायरेक्टर के रूप में पदस्थ थे। वहीं



निवर्तमान क्षेत्रीय अधिकारी प्रदीप कुमार लाल अब क्षेत्रीय कार्यालय, भुवनेश्वर (ओडिशा) में क्षेत्रीय अधिकारी पदस्थ किए गए हैं। नए क्षेत्रीय अधिकारी का पदभार ग्रहण करने के बाद आर. वेंकटेश्वरलु ने कहा, छत्तीसगढ़ में एनएचएआई द्वारा संचालित परियोजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य तथा समयबद्ध लक्ष्यों की प्राप्ति को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी।

### अवैध रेत खनन पर कांग्रेस आरोप- भाजपा सरकार के संरक्षण में फल-फूल रहा भ्रष्टाचार

**रायपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के जिला अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने आरंग एवं अभनपुर क्षेत्र में जारी अवैध रेत खनन और भंडारण को लेकर भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा, सेंट्रल माइनिंग टीम द्वारा चिखली, कुरुद, हरदीडीह सहित कई रेत खदानों में अचानक दबिश दी गई। इसमें 12 चेन माउंटेन मशीनों को जब्त कर सील किया गया। समोदा, चिखली, कुरुद क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर रेत स्टॉक का निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान क्षमता से अधिक रेत भंडारण, नियमों की खुली अवहेलना और अवैध खनन के गंभीर मामले सामने आए, जिसके चलते संबंधित संचालकों को नोटिस जारी किया गया। उन्होंने कहा, यह कार्रवाई केवल दिखावा एवं खानापूर्ति है। हकीकत यह है कि रायपुर जिले के आरंग-अभनपुर क्षेत्र में लंबे समय से संगठित तरीके से अवैध रेत खनन और भंडारण का काला खेल चल रहा है।

# सैनिकों और उनके परिवारों को 25 लाख तक की संपत्ति खरीद पर स्टाम्प शुल्क में 25 फीसदी की छूट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य के सेवारत सैनिकों, भूतपूर्व सैनिकों और उनकी विधवाओं के कल्याण की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। राज्य शासन के वाणिज्यिक कर (पंजीयन) विभाग द्वारा अब इन श्रेणियों के व्यक्तियों को राज्य में अचल संपत्ति खरीदने पर स्टाम्प शुल्क में 25 प्रतिशत की भारी छूट प्रदान की जाएगी।

### छूट के लिए प्रमुख शर्तें और पात्रता

खास बात ये है कि यह रियायत 25 लाख रुपयों तक की संपत्ति के मूल्य पर लागू होगी। यदि संपत्ति का मूल्य 25 लाख से अधिक है, तो अतिरिक्त राशि पर नियमानुसार सामान्य स्टाम्प शुल्क देय होगा। इस छूट का लाभ पूरे छत्तीसगढ़ राज्य में केवल एक बार ही लिया जा सकेगा। लाभ उठाने के लिए छत्तीसगढ़ राज्य का मूल निवासी प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।




### देना होगा शपथपत्र और प्रमाण

क्रेता को इस आशय का एक शपथपत्र देना होगा कि उन्होंने पहले इस छूट का लाभ नहीं लिया है। साथ ही, सेवारत सैनिक, भूतपूर्व सैनिक या विधवा होने से संबंधित वैध सैन्य दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे। यह निर्णय भारतीय स्टाम्प अधिनियम, 1899 की धारा 9 की उप-धारा (1) के खंड (क) के तहत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए लिया गया है। राज्य सरकार के इस कदम से उन हजारों सैन्य परिवारों को सीधा आर्थिक लाभ मिलेगा जो राज्य में अपना घर या जमीन खरीदने की योजना बना रहे हैं।

### महिलाओं के नाम जमीन रजिस्ट्री पर 50 प्रतिशत की छूट

छत्तीसगढ़ की आधी आबादी को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर और संपत्ति का स्वामी बनाने की दिशा में राज्य सरकार ने एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर एवं वित्त मंत्री ओपी चौधरी के नेतृत्व में सरकार ने महिलाओं के नाम पर होने वाले भूमि रजिस्ट्रेशन (पंजीयन) शुल्क में 50 प्रतिशत की कटौती करने का निर्णय लिया है। इस महत्वपूर्ण फैसले की आधिकारिक अधिसूचना राजपत्र में प्रकाशित कर दी गई है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस निर्णय को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि राज्य सरकार महिलाओं के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने जोर दिया कि जमीन के स्वामित्व से महिलाओं के भीतर आत्मविश्वास बढ़ेगा और वे आर्थिक रूप से अधिक सुरक्षित महसूस करेंगी। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने इस योजना के आर्थिक पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए कहा। रजिस्ट्रेशन शुल्क में इस रियायत से राज्य सरकार को लगभग 153 करोड़ रुपये के राजस्व का भार आएगा। वित्त मंत्री के अनुसार, यह कोई राजस्व हानि नहीं बल्कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक बड़ा निवेश है, जिसके दूरगामी सामाजिक परिणाम होंगे।

### मंत्रालय में विभिन्न विभागों के उच्चाधिकारियों के साथ एक समीक्षा बैठक

# सीएस ने आईपीएल मैच की तैयारियों की कमान संभाली, सुरक्षा और सुविधाओं के लिए कड़े निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

नवा रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में 10 और 13 मई को होने वाले आईपीएल टी-20 मैचों के सफल आयोजन के लिए राज्य प्रशासन ने कमर कस ली है। मुख्य सचिव विकासशील ने मंत्रालय में विभिन्न विभागों के उच्चाधिकारियों के साथ एक समीक्षा बैठक की और आयोजन से जुड़ी तमाम व्यवस्थाओं को चाक-चौबंद करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव के इन कड़े निर्देशों के बाद अब नवा रायपुर का प्रशासन क्रिकेट के इस महाकुंभ की मेजबानी के लिए पूरी तरह मुस्तैद है, जिससे दर्शकों को एक सुरक्षित और आनंदमयी अनुभव मिल सके।



### सुरक्षा और यातायात प्रबंधन पर विशेष जोर

*मुख्य सचिव ने स्पष्ट किया कि स्टेडियम में आने वाले हजारों दर्शकों की सुरक्षा और सुगम यातायात प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। ऑनलाइन बुकिंग के बाद रायपुर पहुंचने वाली दर्शकों की भारी भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस कमिश्नर रायपुर को विशेष कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए गए हैं। पार्किंग एरिया और स्टेडियम के चारों ओर सीसीटीवी कैमरों का सघन जाल बिछाया जाएगा। बैरिकेडिंग और पार्किंग की जिम्मेदारी पुलिस, एनआरडीए और बीसीसीआई की संयुक्त टीम संभालेगी।*

### मैचों का शेड्यूल

10 मई को रॉयल चेलेंजर्स बेंगलुरु बनाम मुंबई इंडियंस और 13 मई को रॉयल चेलेंजर्स बेंगलुरु बनाम कोलकाता नाइट राइडर्स के मध्य मैच खेला जाएगा।

### आपातकालीन सेवाएं

फायर ब्रिगेड और एम्बुलेंस के लिए इमरजेंसी रूट चिन्हांकित किए जाएंगे ताकि किसी भी आपात स्थिति में तत्काल सहायता पहुंचाई जा सके। आयोजन के सुचारू संचालन के लिए कलेक्टर रायपुर की अध्यक्षता में एक उच्च-स्तरीय कार्यकारिणी का गठन किया गया है। इसमें पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण), आयुक्त नगर निगम, संचालक (खेल एवं युवा कल्याण), क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, और एनआरडीए सीईओ सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं। यद्यपि संपूर्ण आयोजन का उत्तरदायित्व बीसीसीआई और छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ का है, लेकिन प्रशासन पेयजल, बिजली, सड़क और स्वास्थ्य सेवाओं में पूर्ण सहयोग प्रदान करेगा।

### बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को स्टेडियम में पानी के सुचारू प्रवाह और पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी दी गई है। बिजली विभाग को मैचों के दौरान छत्तीसगढ़ विद्युत वितरण कंपनी को निर्बाध विद्युत आपूर्ति के निर्देश दिए गए हैं।

### आईपीएल मैच में पार्किंग की व्यवस्था एवं सामान की ओवररेटिंग पर प्रशासन सख्त

रायपुर। राजधानी के शहीद वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में होने वाले आईपीएल मैच की तैयारियों को लेकर बुधवार को कलेक्टर गौरव सिंह ने बैठक लेकर समीक्षा की। इस बैठक में जिला एवं पुलिस प्रशासन के अन्य अधिकारियों के साथ छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ के प्रतिनिधि भी शामिल हुए। इस बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि मैच के दौरान पार्किंग की व्यवस्था एवं सामान की ओवररेटिंग की निगरानी की जाए, ताकि मैच देखने पहुंचने वाले दर्शकों को किसी भी तरह से परेशानी न हो तथा सही कीमत पर सामान मिल सके।

### सभी गेट पर वालेंटियर रखने के निर्देश

कलेक्टर ने बैठक में कहा कि यह छत्तीसगढ़ के लिए महत्वपूर्ण आयोजन है। उन्होंने बैठक में कहा कि पुलिस अधिकारियों से समन्वय कर सुरक्षा एवं ट्रैफिक के पुख्ता इंतजाम किए जाएं। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि मैदान के एंट्री प्वाइंट पर वालेंटियर की तैनाती करें तथा वाईफाई एवं इंटरनेट की पर्याप्त व्यवस्था रखी जाए ताकि दर्शकों को प्रवेश में किसी प्रकार की समस्या न हो। उन्होंने कहा कि मैदान में खिलाड़ियों के साथ दर्शकों के लिए आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित रहें। प्रशासन की एसओपी का अनिवार्य रूप से पालन किया जाए। आपदा के समय क्या किया जाए, इसकी कार्ययोजना पहले से तैयार रखें। डॉ. सिंह ने कहा कि आग से बचाव के लिए आवश्यक उपकरणों का अनिवार्य रूप से इंतजाम किया जाए तथा जिला सेनानी से समन्वय स्थापित कर उपकरणों का पूर्व परीक्षण कर लिया जाए।

# बूथ एवं शक्ति केंद्र को मजबूत बनाने भाजपा मंडल की बैठक




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- भाजपा शहर के 20 में से 14 मंडलों में अब तक पूरी

भाजपा शहर जिला इकाई में संगठनात्मक गतिविधियां तेज हो गई हैं। इसी तारतम्य में मंडल बैठकों का सिलसिला निरंतर जारी है। अब तक शहर जिला के 20 मंडलों में से 14 मंडलों की बैठकें हो चुकी हैं, जिनमें मंडल कार्यकारिणी के साथ वरिष्ठ नेताओं की भी सक्रिय सहभागिता रही।

शेष मंडलों की बैठकें 7 मई को आयोजित की जाएंगी। इन बैठकों में बूथ कमेटियों एवं शक्ति केंद्रों की रचना, साथ ही "मन की बात" कार्यक्रम को प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं। मंडल बैठकों के क्रम में आज भाठागांव मंडल की बैठक आयोजित हुई, जिसमें मंडल अध्यक्ष अभिषेक तिवारी ने टिफिन बैठक का भी आयोजन किया। यह पहल कार्यकर्ताओं के बीच संवाद, समन्वय एवं आत्मीयता को सुदृढ़ करने में अत्यंत सार्थक सिद्ध हो रही है। भाठागांव एवं लाखेनगर मंडल की बैठकों में जिलाध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर उपस्थित रहे।

उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा, संगठन की वास्तविक ताकत बूथ स्तर पर होती है, इसलिए प्रत्येक कार्यकर्ता को बूथ एवं शक्ति केंद्र को मजबूत बनाने की दिशा में सक्रिय भूमिका निभानी होगी।

### अशोक बजाज बने जिला प्रशिक्षण वर्ग प्रभारी

जिलाध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर ने जानकारी दी कि मंडल स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग की सफलता के बाद इसी माह जिला स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किया जाएगा, जिसके लिए प्रदेश कार्यालय प्रभारी अशोक बजाज को वर्ग प्रभारी बनाया गया है। प्रशिक्षण वर्ग की रूपरेखा तय करने शीघ्र ही जिला बैठक आहूत की जाएगी।

# 19 को बस्तर में होगी मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक, केंद्रीय मंत्री अमित शाह करेंगे अध्यक्षता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बस्तर में 19 मई को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में मध्य क्षेत्रीय परिषद की महत्वपूर्ण बैठक होगी। बैठक में छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री शामिल होंगे। यह पहली बार है, जब नक्सलवाद प्रभावित क्षेत्र में उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की जा रही है। बस्तर में नक्सलवाद के खात्मे, क्षेत्रीय विकास और सुरक्षा मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। यह बैठक बस्तर को शांति और विकास के मॉडल के रूप में पेश करने की केंद्र सरकार की पहल का हिस्सा है। मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक में शामिल होने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह 18 मई की रात सीधे जगदलपुर पहुंचेंगे और वहीं रात्रि विश्राम करेंगे। दूसरे दिन 19 मई को मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक लेंगे और उसके बाद शाम को दिल्ली लौट जाएंगे। बैठक को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। मुख्य सचिव विकासशील ने सभी विभागों से पिछली बैठक के मिनिट्स के आधार पर छत्तीसगढ़ में किए गए कार्यों और लंबित मुद्दों की रिपोर्ट मांगी है।



### विकास, सुरक्षा और राज्यों के बीच नीति निर्माण पर चर्चा

मध्य क्षेत्रीय बैठक में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी शामिल होंगे। नक्लसवाद के खात्मे के बाद बस्तर में इस स्तर की बैठक काफी अहम मानी जा रही है। यहां विकास, सुरक्षा और राज्यों के बीच नीति निर्माण, अंतर-राज्यीय समन्वय और कानून व्यवस्था, स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार से जुड़े मुद्दे पर चर्चा हो सकती है।

# बंगाल की जीत देश की सुरक्षा और स्थिरता के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण : डिप्टी सीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पश्चिम बंगाल दौरे से लौटने के बाद संवाददाताओं से चर्चा करते हुए डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने कहा, बंगाल की जीत देश की सुरक्षा और स्थिरता के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने आरोप लगाया कि बांग्लादेशी घुसपैठ का रास्ता पश्चिम बंगाल के जरिए ही देश के अन्य हिस्सों, यहां तक कि रायपुर तक पहुंचा है।



उन्होंने कहा, पश्चिम बंगाल की पिछली सरकार केंद्रीय एजेंसियों को बॉर्डर निर्माण के लिए पर्याप्त जमीन उपलब्ध नहीं करा पा रही थी, जिससे घुसपैठ पर प्रभावी रोक नहीं लग पा रही थी। भाजपा के घोषणापत्र में यह स्पष्ट किया गया है कि सरकार बनने के शुरुआती 45 दिनों के भीतर बॉर्डर निर्माण के लिए जमीन उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे अवैध घुसपैठ पर लगाम लगेगी। विजय शर्मा ने दावा किया कि पश्चिम बंगाल में जनता और भाजपा एकजुट होकर लड़ी, जबकि जनता और ममता बनर्जी आमने-सामने थीं। उन्होंने कहा, जनता बदलाव चाहती थी। भाजपा कार्यकर्ताओं ने उसी माहौल को मजबूत करने के लिए लगातार मेहनत की, जिसका परिणाम प्रचंड बहुमत के रूप में सामने आया।

### राज्यों की सुरक्षा और समन्वय को लेकर परिषद की बैठक

उन्होंने यह भी बताया कि देश के विभिन्न राज्यों के बीच सुरक्षा और समन्वय को लेकर क्षेत्रीय परिषद की बैठकें आयोजित की जा रही हैं। पिछली बैठक वाराणसी में हुई थी, जिसमें कई राज्यों के मुख्यमंत्री और डीजीपी शामिल हुए थे। इस तरह की बैठकों में केंद्र और राज्य के बीच सुरक्षा, संसाधन और योजनाओं की समीक्षा की जाती है। उन्होंने जानकारी दी कि 19 तारीख को जगदलपुर में ऐसी ही एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित होगी, जिसमें मुख्यमंत्री के नेतृत्व में तैयारियों की समीक्षा की जाएगी।

# यूथ कांग्रेस का सदस्यता शुल्क इस बार 50 प्रतिशत अधिक, दिल्ली तक दौड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में यूथ कांग्रेस चुनाव की घोषणा होने ही वाली है, लेकिन उससे पहले सरगुजा क्षेत्र के एक बड़ी उम्र के दावेदार के लिए लाबिंग शुरू हो गई है। उनको ध्यान में रखते हुए समय से पहले चुनाव की तारीख तय करने दबाव बनाया जा रहा है।

ऐसा इसलिए क्योंकि चुनाव प्रक्रिया में कुछ माह का विलंब होने पर उस दावेदार की आयु यूथ कांग्रेस चुनाव के लिए निर्धारित योग्यता से अधिक हो जाएगी। यही वजह है कि आगामी दो माह के अंतराल में ही चुनाव संपन्न कराने की कोशिश की जा रही है। इन चर्चाओं के बीच लंबे समय से चुनाव की तैयारी कर रहे और जमीनी स्तर पर संघर्ष कर रहे कार्यकर्ताओं में नाराजगी है। कई स्तर पर तनातनी की स्थिति बनी हुई है।

वहीं दूसरी ओर, इस बार यूथ कांग्रेस का चुनाव पिछली बार से 50 प्रतिशत महंगा हो गया है। पिछले चुनाव में प्रति व्यक्ति सदस्या शुल्क 50 रुपए थी, जिसे अब बढ़ाकर 75 रुपए कर दिया गया है। चुनाव जीतने उम्मीदवार अधिक से अधिक संख्या में सदस्य बनाते हैं। पिछला चुनाव 2023 में हुआ था, जिसमें प्रदेशभर से 11 लाख सदस्य बनाए गए थे। पिछले बार की तरह इस बार भी चुनाव डिजिटल ही होगा।



### सभी गुट से लॉबिंग

दावेदारों ने अलग-अलग नेताओं के माध्यम से लॉबिंग शुरू कर दी है। अभी निखिलकांत साहू, आदित्य भगत, संदीप वोरा, अनिमेष सिंह, शैलेंद्र बंजारे, भावेश शुक्ला, हनी बग्गा, शांतनु झा और विनोद कश्यप के नाम सामने आए हैं।

### बेनतीजा रही दिल्ली दौड़

यूथ कांग्रेस के वर्तमान पदाधिकारियों सहित आगामी चुनाव के दावेदारों ने भी मौजूदा सप्ताह में दिल्ली तक की दौड़ लगाई। वे वहां चुनाव स्थगित करवाने और अतिरिक्त समय देने की मांग लेकर गए थे। लेकिन उन्हें दो टूक जवाब दे दिया गया है। उनके कहा गया है कि वे दिल्ली आने-जाने में वक्त और पैसे बर्बाद करने के स्थान पर प्रदेश में हो जा रहे चुनाव पर ध्यान केंद्रित करें। पूर्व में कमेटी मई के पहले पखवाड़े में रायपुर आने वाली थी, लेकिन अब 15 से 20 मई के मध्य रायपुर आने और चुनाव संबंधित घोषणा करने की चर्चा है।

### बीते वित्तीय वर्ष में मोतियाबिंद के 2141 ऑपरेशन, चार साल से लगातार बढ़ रहे आंकड़े

# छग ही नहीं एमपी, महाराष्ट्र, ओडिशा के मरीजों को रोशनी लौटा रहा माना का आई-हास्पिटल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कोविड महामारी के बाद नेत्र अस्पताल में तब्दील माना हास्पिटल छत्तीसगढ़ ही नहीं एमपी, महाराष्ट्र और ओडिशा के मरीजों की रोशनी लौटा रहा है। बीते चार साल से यहां होने वाला मोतियाबिंद की सर्जरी के आंकड़े लगातार बढ़ रहे हैं। बीते वित्तीय वर्ष यानी 2025-26 में 2114 ऑपरेशन पूरा किया है। यहां टेरिजियम और फॉरेन बॉडी जैसे नेत्र रोग का इलाज भी किया जा रहा है। माना के सिविल अस्पताल को महामारी के दौरान कोविड संक्रमितों के इलाज के लिए उपयोग किया गया था। इसके बाद इसका उपयोग पहले शासकीय नेत्र हास्पिटल के रूप में किया जाने लगा। अब इसे 150 बिस्तर के प्रांतीय नेत्र संस्थान के रूप में देकर नेत्र रोगियों को इलाज की सुविधा दी जा रही है। अंधत्व निवारण कार्यक्रम के जिला नोडल अफसर डा. समता रंगारी ने बताया कि यहां आधुनिक तकनीक स्माल इंसीजन कैटरेक्ट सर्जरी एवं फेको पद्धति से नेत्र शल्य क्रियाएं पूरी की जा रही हैं। यहां मोतियाबिंद के अलावा टेरेजियम यानी कार्निया में आने वाल मांस के टुकड़े आने और फॉरेन बॉडी यानी आंखों में कचरा अथवा कोई दूसरी वस्तु के घुसने संबंधी समस्या का इलाज भी किया जाता है। माना के नेत्र चिकित्सालय में रायपुर के साथ दुर्ग, गरियाबंद, बेमेतरा, बलौदाबाजार जिलों के मरीज और दूसरे राज्यों ओडिशा, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश एवं बिहार से भी मरीज आकर उपचार प्राप्त कर रहे हैं। विशेष रूप से गरियाबंद जिले के सुदूर वनांचल क्षेत्रों जैसे मैनपुर एवं देवभोग विकासखंड के मरीजों को भी इस संस्थान में इलाज की सुविधा मिल रही है।



### विशेष क्लीनिक भी

माना के नेत्र हास्पिटल में विभिन्न बीमारयों के इलाज के लिए अलग-अलग दिन विशेष क्लीनिक संचालित की जाती है। इसमें प्रसिद्ध नेत्र चिकित्सक अपनी सेवाएं प्रदान करते हैं। प्रत्येक सोमवार को ग्लूकोमा क्लिनिक, गुरुवार को रेटीना क्लिनिक तथा शनिवार को पीडियाट्रिक ऑप्थाल्मोलॉजी क्लिनिक का आयोजन किया जाता है। विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों से भी मरीज यहां इलाज के लिए रेफर किए जाते हैं।

### नेत्र संबंधी विभिन्न उपचार की सुविधा

जिला प्रशासन के सहयोग से माना में आई हास्पिटल का संचालन किया जा रहा है। यहां मरीजों को आधुनिक मशीनों के माध्यम से चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। मोतियाबिंद से संबंधित ऑपरेशन भी यहां काफी संख्या में किए जा रहे हैं।

- डा. मिथिलेश चौधरी, सीएमएचओ रायपुर

### मोतियाबिंद की सर्जरी

| वर्ष | कुल ऑपरेशन |
|---|---|
| 2022-23 | 1552 |
| 2023-24 | 1463 |
| 2024-25 | 2071 |
| 2025-26 | 2141 |

# दोपहर में पशुओं से भारवाही कार्य कराने पर लगा प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- भीषण गर्मी को देखते हुए प्रशासन ने जारी किया आदेश

बढ़ते तापमान एवं भीषण गर्मी का असर पशुओं पर भी पड़ रहा है। खासकर जिन पशुओं से लोगों द्वारा भारवाही कार्य कराया जा रहा है। ऐसे पशुओं के स्वास्थ्य पर भीषण गर्मी का असर और ज्यादा पड़ रहा है, जिससे उनकी मृत्यु भी हो सकती है। जिला प्रशासन ने पशुओं की चिंता करते हुए जिले में अब दोपहर 12 बजे से लेकर 3 बजे तक पशुओं से कराए जाने वाले भारवाही कार्य पर प्रतिबंध लगाया है।



जारी आदेश के अनुसार ग्रीष्म ऋतु में दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच तापमान 37 डिग्री सेल्सियस से अधिक पहुंच जाता है, जिसके कारण भारवाही पशुओं में बैल, भैसा, ऊंट आदि के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। इससे पशुओं के हीट स्ट्रोक, बीमारी अथवा मृत्यु की आशंका बन सकती है। प्रशासन ने इसे ध्यान में रखते हुए दोपहर में 3 घंटे तक पशु भारवाही कार्य पर प्रतिबंध लगाया है।

## खबर संक्षेप

### बारिश और आंधी तूफान के बाद रातभर ब्लैक आउट

**नर्रा।** क्षेत्र में बेमौसम बारिश और अंधड़ के कारण बुधवार रात में बिजली आपूर्ति बाधित रही। गुरुवार सुबह क्षेत्र के गांवों में पानी टंकी से पेयजल आपूर्ति प्रभावित रही। हैड पंपों से पानी भरने ग्रामीणों की भीड़ देखी गई। विद्युत लाइन फाल्ट को दुरुस्त करने में घंटों लगे। शाम करीब पांच बजे बिजली आपूर्ति बहाल हो पाई। रात और दिन में घंटों बिजली बंद रहने से लोग भीषण गर्मी से बेहाल रहे।

### पुरी में पाइपलाइन विस्तार के लिए भूमिपूजन

**पुरी।** जनपद सदस्य नम्रता पालनहार दिली ने ग्राम पंचायत पुरी में पाइपलाइन विस्तार कार्य की मांग जिला पंचायत सदस्य धनेश्वरी साहू से की थी। विकासकार्य का भूमिपूजन किया गया। मुख्य अतिथि जिपं सभापति धनेश्वरी साहू, जनपद सदस्य नम्रता दिली, सरपंच पुरी कुंती देवदास, पूर्व जिला अध्यक्ष बालराम साहू, पूर्व सरपंच चिरौंजीलाल साहू, उपसरपंच फत्तेलाल नेताम, सचिव गिरवर साहू, नोकेश कुमार साहू पंच, रामबाई धीमर पंच, निहारिका रोजगार सहायक, सितेश्वरी साहू पूर्व सरपंच, मदन साहू, तोरण पटेल, सोहद्रा निर्मलकर, सुरुचि बाई साहू, नारायण, फागू, पूरन देवदास मौजूद थे।

### कोंडापार स्कूल का परीक्षा परिणाम 88 प्रतिशत रहा

**जीजामगांव।** शासकीय हाईस्कूल कोंडापार में कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम 88 प्रतिशत रहा। परीक्षा में 49 छात्र सम्मिलित हुए जिसमें 23 छात्र प्रथम व 20 छात्र द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। कुमकुम साहू 89.83 प्रतिशत, योगिता साहू 88 प्रतिशत, हिमेश बंजारे 86.83 प्रतिशत, संजना साहू 86 प्रतिशत, तारिणी 82 प्रतिशत, श्वेता 81.33 प्रतिशत, दामिनी 78.33 प्रतिशत, चेतना ने 76.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संस्था को गौरवान्वित किया। छात्रों की सफलता पर प्राचार्य श्रीमती गौरीकान्ता साहू, शाला विकास समिति अध्यक्ष तुकाराम यादव, सांसद प्रतिनिधि रामलाल साहू, कोंडापार सरपंच भीम साहू, खुरसेंगा सरपंच हरिशंकर साहू, पवन नवरंगे, व्याख्यातागण मनीषा शर्मा, कंचन शुक्ला, डॉ आशा पांडे, सुधा बैस, रश्मि सिंह, सविता सोनी ने हर्ष जताया है।

### शिक्षकों को दिया जा रहा हिन्दी और इंग्लिश ग्रामर का प्रशिक्षण

**धमतरी।** ज्ञान अमृत इंग्लिश स्कूल में शिक्षकों के व्यक्तित्व एवं शिक्षण कौशल के विकास हेतु विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम अंतर्गत शिक्षकों को स्पोकन इंग्लिश, इंग्लिश ग्रामर तथा हिंदी ग्रामर का गहन प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है, जिसमें यह अपनी भाषा दक्षता को और अधिक प्रभावशाली एवं परिपूर्ण बना सके। प्रशिक्षण कार्यक्रम लगभग 45 दिनों तक संचालित किया जाएगा। प्रशिक्षण में अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा व्यवहारिक एवं सरल तरीकों से शिक्षकों को भाषा ज्ञान प्रदान किया जा रहा है। इंग्लिश विषय का प्रशिक्षण घनश्याम शर्मा द्वारा एवं हिंदी ग्रामर का प्रशिक्षणएनआर यादव द्वारा दिया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में ज्ञान अमृत इंग्लिश हाईस्कूल, मां दंतेश्वरी हाईस्कूल एवं गुरुकुल विद्यासागर स्कूल लोहरसी के शिक्षक-शिक्षिकाएं भाग ले रहे हैं। इस दौरान शिक्षकों को आधुनिक शिक्षण पद्धतियों, सही उच्चारण, प्रभावी संवाद शैली तथा व्याकरण की बारीकियों की जानकारी दी जा रही है।

### कन्या शिक्षा परिसर दुगली का परीक्षाफल शत-प्रतिशत

**नगरी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कन्या शिक्षा परिसर दुगली में 10वीं और 12वीं का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। कक्षा 10वीं में 35 छात्राओं ने परीक्षा दी और शत-प्रतिशत परिणाम प्राप्त किया। 30 छात्राएं प्रथम श्रेणी में एवं 5 छात्राएं द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुई। यशस्वी पिता देवदत्त ने 90.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कक्षा में प्रथम, डिगेश्वरी 87.66 प्रतिशत द्वितीय एवं विद्यारानी पिता चंद्रभान यादव 86.8 प्रतिशत अंक हासिल कर तृतीय रहे। कक्षा 12वीं में 33 छात्राओं में से 32 छात्राएं प्रथम श्रेणी एवं 1 छात्रा ने द्वितीय श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की।

# अंकोरी टांडा-बिरसिंगपाली मार्ग जर्जर, टूटी पुलिया को लेकर प्रकाश ने सौंपा ज्ञापन

## आने-जाने वालों को हो रही परेशानी, दुर्घटना की भी आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना





जनपद क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अंकोरी से अंकोरी टांडा एवं बिरसिंगपाली को जोड़ने वाली मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत निर्मित सड़क एवं पुलिया की जर्जर स्थिति को लेकर जनपद पंचायत बसना के सभापति एवं अंकोरी क्षेत्र के जनपद सदस्य प्रकाश सिन्हा ने जिला प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों का ध्यान आकर्षित किया है। उन्होंने बसना विधायक डॉ. संपत अग्रवाल एवं जिला कलेक्टर को आवेदन सौंपकर सड़क एवं क्षतिग्रस्त पुलिया के शीघ्र मरम्मत/पुनर्निर्माण की मांग की है।

जानकारी के अनुसार, पिछले दिनों जनपद क्षेत्र में आयोजित कीर्तन कार्यक्रम में शामिल होने के दौरान सभापति प्रकाश सिन्हा की नजर उक्त मार्ग पर स्थित क्षतिग्रस्त पुलिया पर पड़ी। उन्होंने मौके पर रुककर सड़क एवं पुलिया का निरीक्षण किया तथा ग्रामीणों से चर्चा कर समस्या की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान ग्राम सरपंच मिश्रा दीप, मुरली नायक एवं महेंद्र प्रधान सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

ग्रामीणों ने बताया कि अंकोरी टांडा एवं बिरसिंगपाली के बीच स्थित पुलिया पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी है, जिससे आवागमन में भारी परेशानी हो रही है। रात्रि के समय इस मार्ग पर दुर्घटना की आशंका लगातार बनी रहती है और कई बार छोटे हादसे भी हो चुके हैं। वर्तमान में ग्रामीण पुलिया के पास पत्थर रखकर जोखिम के बीच वैकल्पिक तरीके से आवागमन करने को मजबूर हैं। वहीं सड़क भी पूरी तरह उखड़ चुकी है, जिससे वाहन चालकों एवं राहगीरों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। गौरतलब है यह मार्ग बसना–पदमपुर मुख्य सड़क से ग्राम अंकोरी से लगभग 4 किलोमीटर दूरी पर स्थित प्रमुख संपर्क मार्ग है, जिससे प्रतिदिन बड़ी संख्या में ग्रामीणों का आवागमन होता है। यदि समय रहते पुलिया एवं सड़क का मरम्मत/पुनर्निर्माण नहीं कराया गया, तो दोनों गांवों का संपर्क पूरी तरह बाधित होने की स्थिति निर्मित हो सकती है।

### अधिकारी एवं निर्माण एजेंसी पर कार्रवाई की मांग

सभापति प्रकाश सिन्हा ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता एवं वर्तमान जर्जर स्थिति की जांच कर संबंधित अधिकारी एवं निर्माण एजेंसी पर कार्रवाई की मांग भी की है। उन्होंने कहा कि मार्ग पर लगा सूचना बोर्ड भी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुका है, जिससे निर्माण संबंधी जानकारी उपलब्ध नहीं हो पा रही है। साथ ही उम्मीद जताई कि जिला प्रशासन एवं बसना विधायक द्वारा जनहित को देखते हुए त्वरित संज्ञान लेकर शीघ्र आवश्यक कार्रवाई की जाएगी, जिससे क्षेत्रवासियों को सुरक्षित एवं सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके



### अयोध्या के लिए भक्तों का जत्था रवाना श्रद्धालुओं के चेहरों पर दिखा भक्ति भाव

**सरायपाली।** हिंदुओं की आस्था के केंद्र एवं भगवान श्री राम जन्मभूमि अयोध्या धाम (उत्तर प्रदेश) के लिए श्रद्धालु भक्तों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं के चेहरों पर भक्ति, उमंग और श्रद्धा की झलक साफ दिखाई दे रही थी। इस अवसर पर भाजपा पदाधिकारियों द्वारा हरी झंडी दिखाकर श्रद्धालुओं को रवाना किया गया। यह योजना न केवल धार्मिक आस्था को मजबूत करती है, बल्कि समाज में सकारात्मक ऊर्जा और आध्यात्मिक चेतना का संचार भी करती है। उन्होंने श्रद्धालुओं से आग्रह किया कि वे अयोध्या धाम में भगवान श्रीराम के दर्शन कर प्रदेश की सुख-शांति, समृद्धि और आपसी सौहार्द्र के लिए आशीर्वाद प्राप्त करें। वहीं महिला आयोग सदस्य सरला कोसरिया ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय श्रवण कुमार बन प्रदेश के सभी भाई-बहनों को बारी-बारी से तीर्थ दर्शन करा रहे हैं। अयोध्या धाम एक प्रमुख धार्मिक एवं आध्यात्मिक स्थल है, जहां स्थित श्री राम मंदिर, कनक भवन, हनुमानगढ़ी, दशरथ महल तथा पवित्र सरयू नदी के घाट श्रद्धालुओं के आकर्षण के प्रमुख केंद्र हैं। यहां भक्तजन दर्शन-पूजन के साथ-साथ सरयू नदी में स्नान एवं नौका विहार का पुण्य लाभ प्राप्त करते हैं। इस अवसर पर विभिन्न ग्रामों से आए श्रद्धालु जनों में विशेष उत्साह एवं भक्ति भाव देखने को मिला। कार्यक्रम में सरला कोसरिया, जिला पंचायत अध्यक्ष मोंगरा पटेल, जनपद पंचायत अध्यक्ष लक्ष्मी पटेल, उपाध्यक्ष मुकेश चौधरी, जनपद पंचायत सभापति प्रतिनिधि रेशम पटेल, उद्धव नंद प्रकाश पटेल, जनपद पंचायत सदस्य प्रतिनिधि शिव पटेल, सीईओ साहू एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



### विहिप के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार का स्वागत

**महासमुंद।** विश्व हिंदू परिषद के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार के छत्तीसगढ़ प्रवास पर सरायपाली से महासमुंद आगमन पर नदी मोड़ महासमुंद में विश्व हिंदू परिषद जिला महासमुन्द के जिलाध्यक्ष हर्षवर्धन चंद्राकर एवं प्रांत सहकारिता प्रमुख अखिलेश लूनिया के नेतृत्व में पुष्पहार एवं गमछा भेंट कर स्वागत किया गया। आलोक कुमार के साथ क्षेत्रीय संगठन मंत्री जितेंद्र पवार, प्रांत धर्माचार्य संपर्क प्रमुख राकेश आचार्य का उपस्थित कार्यकर्ताओं द्वारा पुष्पगुच्छ एवं पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू, कोषाध्यक्ष राहुल चंद्राकर, आनंद साहू, प्रांत धर्म प्रचार सदस्य द्वय देवेंद्र दुबे, दानेश्वर सिन्हा, नगर अध्यक्ष चंद्रबदन मिश्रा, विपिन बिहारी महंती, अश्विनी शर्मा, प्रदीप वर्मा, रामेश्वर गोलू साहू, चंदन नेताम, कान्हा प्रधान, सुमन सेंद्रे, गुड्डा सिन्हा, राकेश साहू, उदयराम साहू, मनीष चंद्राकर, अंकित चंद्राकर, संजय यादव, लिलेश साहू, हेमंत सिन्हा उपस्थित हुए।

### सेमरा डी में विकास कार्यों की रखी गई आधारशिला

**धमतरी।** ग्राम पंचायत सेमरा (डी) में आदिवासी भवन परिसर में विकास कार्यों का भूमिपूजन हुआ। मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती रंजना डीपेंद्र साहू थीं। अध्यक्षता जनपद पंचायत धमतरी अध्यक्ष श्रीमती अंगिरा ध्रुव ने की। कार्यक्रम में आदिवासी समाज भवन में शेड निर्माण, प्रवेश द्वार निर्माण, मुक्तिधाम में शेड निर्माण एवं शिव मंदिर के जीर्णोद्धार कार्य का भूमिपूजन किया गया। अपने संबोधन में श्रीमती रंजना साहू ने कहा कि ग्राम पंचायतों का सशक्त होना ही वास्तविक विकास की नींव है। राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना ही हमारा लक्ष्य है।

# जनता की समस्याओं का समाधान करने में सरकार विफल: रश्मि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



कांग्रेस की पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ.रश्मि चंद्राकर ने भाजपा की विष्णुदेव साय सरकार पर जोरदार हमला बोलते हुए कहा कि प्रदेश में चलाया जा रहा सुशासन तिहार अब पूरी तरह सरकारी नौटंकी और प्रचार का माध्यम बनकर रह गया है। जनता की समस्याओं का समाधान करने में विफल सरकार अब मंच, माइक और कैमरों के सहारे अपनी नाकामी छिपाने की कोशिश कर रही है।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार सुशासन का ढिंढोरा पीट रही है, जबकि जमीनी हकीकत यह है कि गांवों में लोग पानी, बिजली, सड़क, राशन, आवास और इलाज जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए परेशान हैं। गरीब और जरूरतमंद परिवार महीनों से सरकारी दफ्तरों के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन उनकी सुनने वाला कोई नहीं है। सरकार के मंत्री और अधिकारी केवल फोटो सेशन और दिखावटी कार्यक्रमों में व्यस्त हैं। डॉ. रश्मि चंद्राकर ने आरोप लगाया कि "सुशासन तिहार" में जनता से आवेदन तो लिए जा रहे हैं, लेकिन उनका निराकरण करने की कोई गंभीर मंशा सरकार की दिखाई नहीं देती। अधिकारी सिर्फ खानापूर्ति कर रहे हैं और जनता को झूठे आश्वासन देकर वापस भेजा जा रहा है। इससे साफ हो गया है कि भाजपा सरकार को जनता की तकलीफों से कोई सरोकार नहीं, उसे सिर्फ प्रचार और वाहवाही की राजनीति करनी है।

# गुदगुदा में तेंदुए की लगातार आवाजाही से ग्रामीणों में दहशत



- बकरियों और बछड़ों को बना रहा शिकार, वन विभाग से मुआवजे और रेस्क्यू की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरूद

जंगलों में भोजन और पानी की कमी अब वन्य प्राणियों को रिहायशी इलाकों की ओर धकेल रही है। धमतरी में भालू और नगरी क्षेत्र में हाथियों की मौजूदगी के बाद अब कुरुद ब्लॉक के ग्राम गुदगुदा में तेंदुए की लगातार आवाजाही से ग्रामीण दहशत में हैं। पिछले दो महीने से गांव और महानदी किनारे तेंदुए के देखे जाने की खबरें सामने आ रही हैं। हालांकि वन विभाग लगातार गश्त कर रहा है, लेकिन अब तक तेंदुए को पकड़ने में सफलता नहीं मिली है।

ग्रामीणों के मुताबिक दिन में चरवाहों ने नदी कछार की घनी झाड़ियों के पास तेंदुए को देखा है, जबकि रात में वह गांव के भीतर घुसकर आवारा कुत्तों का शिकार कर रहा है। गांव में कुत्तों की संख्या तेजी से कम होने लगी है। सरपंच सोनम संजय साहू ने बताया कि कई पशुपालकों के छोटे बछड़े और बकरियां भी गायब हुई हैं। चुम्मन निषाद का बकरा, मालिक ध्रुव की बकरी तथा अलीराम और केवल साहू के बछड़ों को तेंदुए द्वारा शिकार बनाए जाने की आशंका है। ग्रामीणों ने वन विभाग से मुआवजे और जल्द रेस्क्यू की मांग की है।

वन विभाग की टीम कई बार गांव पहुंचकर जांच कर चुकी है। रात में कुछ युवकों ने मोबाइल कैमरे में गांव के भीतर घूमते तेंदुए का वीडियो भी रिकॉर्ड किया है। कुरुद सहायक वन परिक्षेत्राधिकारी एरावत मधुकर ने बताया कि सूचना मिलते ही विभागीय टीम ने गांव और नदी किनारे सघन निरीक्षण किया था। 8 से 10 फीट ऊंची झाड़ियों के कारण तेंदुआ दिखाई नहीं दिया, लेकिन रेत पर उसके पंजों के निशान मिले हैं। चरवाहों और ग्रामीणों के बयान के आधार पर अनुमान है कि यह 4 से 5 साल का नर तेंदुआ है, जो दक्षिण सिंगपुर के जंगल से राजपुर और मोहंदी होते हुए महानदी किनारे यहां तक पहुंचा है।

# 21, 22 एवं 23 अगस्त को विशेष लोक अदालत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी

- सुप्रीम कोर्ट में लंबित मामलों का किया जायेगा निराकरण

भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा न्याय को सरल एवं सुलभ तरीके से आमजन तक पहुंचाने तथा आपसी सहभागिता एवं सहमति से विवादों के समाधान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से समाधान समारोह (विशेष लोक अदालत) का आयोजन किया जा रहा है। यह समारोह 21 अप्रैल से आरंभ होकर 21, 22 एवं 23 अगस्त को विशेष लोक अदालत के आयोजन के साथ सम्पन्न होगा। विशेष लोक अदालत का आयोजन सर्वोच्च न्यायालय परिसर में 21, 22 तथा 23 अगस्त को किया जाएगा, जिसमें सर्वोच्च न्यायालय में लंबित मामलों को शामिल किया जाएगा। इस दौरान पूर्व सुलह बैठकों का आयोजन राज्य, जिला, तालुका एवं उच्च न्यायालय विधिक सेवा प्राधिकरण, समिति के मध्यस्थता केन्द्रों में किया जाएगा। सुलह वार्ता की प्रक्रिया 21 अप्रैल से ही प्रारंभ हो चुकी है। इस समाधान समारोह का मुख्य उद्देश्य सर्वोच्च न्यायालय में लंबित उपयुक्त मामलों का आपसी सहमति एवं सुलह के माध्यम से त्वरित निष्पादन करना है।

### आपसी सहमति से समाधान की दिशा में करें प्रयास

अधिवक्ताओं, वादाकारियों एवं सभी संबंधित पक्षों से अपील की गई है कि वे इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लें और आपसी सहमति से समाधान की दिशा में प्रयास करें। सुलह बैठकों में पक्षकार शारीरिक अथवा आभासी माध्यम से भी शामिल हो सकते हैं। अपने मामले को समाधान समारोह में शामिल करने के लिए सर्वोच्च न्यायालय की वेबसाइट पर उपलब्ध गूगल फार्म भरना होगा। फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 31 मई है।

# शिकायत के सप्ताह बाद भी जांच शुरू नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मगरलोड

- हितग्राही न्याय के लिए भटक रहे

सार्वजनिक वितरण प्रणाली में राशन की कटौती और अनियमितताओं को लेकर शासन के बड़े-बड़े दावों की पोल खुलती नजर आ रही है। मगरलोड तहसील अंतर्गत नवीन नगर पंचायत करेली बड़ी के एक पात्र हितग्राही ढालचंद निषाद ने खाद्य विभाग की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं।

हितग्राही ढालचंद निषाद ने 30 अप्रैल को खाद्य अधिकारी धमतरी को एक लिखित शिकायत सौंपी थी। 35 किलोग्राम चावल के स्थान पर उन्हें उचित मूल्य दुकान द्वारा मात्र 20 किलोग्राम चावल ही दिया जा रहा है। हितग्राही ने केवाईसी जैसी सभी औपचारिकताएं पूरी कर ली हैं, फिर भी उनके अधिकारों का हनन किया जा रहा है।

हैरानी की बात यह है कि कार्यालय कलेक्टर (खाद्य शाखा) में आधिकारिक पावती मिलने के एक सप्ताह बाद भी अब तक विभाग का कोई भी अधिकारी जांच के लिए मौके पर नहीं पहुंचा है। पीड़ित हितग्राही से अब तक किसी भी प्रकार की पूछताछ नहीं की गई है, जिससे विभाग की कार्यशैली और मंशा पर प्रश्न चिन्ह लग गया है। हितग्राही ने मांग की है कि इस पूरे प्रकरण की निष्पक्ष और तथ्यात्मक जांच की जाए और दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में पात्र परिवारों को उनके हक का पूरा राशन मिल सके। विभागीय विलंब के कारण ग्रामीणों में आक्रोश है।

# हसदा में सुशासन तिहार आज

- 13 को मेघा, 15 को खड़मा, 29 को राजपुर, 4 को परसट्ठी में शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मगरलोड

राज्य सरकार द्वारा शासकीय कामकाज में पारदर्शिता लाने, योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए सुशासन तिहार 2026 का आयोजन किया जा रहा है। प्रथम चरण में 1 मई से 10 जून तक आम जनता से प्राप्त आवेदन पत्रों का निराकरण, समाधान शिविर आयोजित है। मगरलोड विकासखंड में 8 मई को हायर सेकेंडरी स्कूल हसदा शिविर स्थल रहेगा जिसमें खिसोरा, हसदा, डुमरपाली, नवागांव, धौराभाठा, कपालफोड़ी, गाड़ाडीह, मोतिमपुर, रांकाडीह, भोथीडीह, शुक्लाभाठा, अमलीडीह सहित 12 ग्राम पंचायत शामिल होंगी।

13 मई को हायर सेकेंडरी स्कूल मेघा के शिविर स्थल में मेघा, अरौद,गिरौद, सौंगा, हरदी बेलौदी, सांकरा, परसवानी, कुल्हाड़ीकोट, परसाबुड़ा, दूधवारा, कोरगांव, बेलरदोना, मडेली, भरदा, बोड़रा, कमरौद, खिरझिटी सहित 18 गांव शामिल होंगे। 15 मई को शिविर स्थल प्राथमिक शाला खड़मा में सिंगपुर, मुड़केरा, बिरझुली, सोनझरी, भंडारवाडी, केकराखोली, खड़मा, पठार, मोहेरा, बोईरगांव, मारागांव सहित 11 ग्राम पंचायतें शामिल होंगी।

# 10वीं में मीनाक्षी और 12वीं में सोनाली प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जीजामगांव



हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल मडेली का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। बारहवीं का 95.16 प्रतिशत और दसवीं का परीक्षा परिणाम 85.71 प्रतिशत रहा। बारहवीं में 44 और दसवीं में 32 छात्र-छात्रायें प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। 10वीं में मीनाक्षी पटेल और 12 वीं में सोनाली निर्मलकर विद्यालय में प्रथम रहे। गणित संकाय में सोनाली निर्मलकर 90.4 प्रतिशत एवं निधि बैस 87 प्रतिशत, वाणिज्य से हिना पाल 83.6 प्रतिशत, विज्ञान संकाय में ट्विंकल पटेल 81.4 प्रतिशत, कला संकाय में श्रेयांश देवांगन 80.2 प्रतिशत रहे। दसवीं में मीनाक्षी पटेल 87.83 प्रतिशत, चंचल साहू 84 प्रतिशत, वासनी 83.6 प्रतिशत, धनिका साहू 83.3 प्रतिशत, पुष्पेंद्र ने 82.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किया।

इस अवसर पर व्याख्याता मनोज टंडन ने कहा कि स्कूली जीवन का पड़ाव तो आप सभी ने सफलतापूर्वक पार कर लिया है परंतु जीवन की असली परीक्षा का सामना करना अभी शेष है। भविष्य में आने वाली परीक्षाओं के लिए भी कमर कस लें। मौके पर प्राचार्य संजीव बल्लाल, मनोज टंडन, फरजाना अली, मंजुलता ध्रुव, तुषेन्द्र तरार, रामदयाल साहू, गीता यादव, रजनीश साहू, रुस्तम सिंह, हरिशंकर नेताम, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष मोतीलाल सोन, शेखर साहू, यशवंत साहू, डॉ उमाशंकर साहू, हरीश गांधी, बंशीलाल देवांगन, डॉ नंद साहू, अजीतगिरी गोस्वामी, नवीन गांधी, तुरेन्द्र साहू, जनपद सदस्य ठाकुर राम साहू सरपंच वीणा लक्ष्मीनारायण साहू, उपसरपंच ओमप्रकाश देवांगन मौजूद थे।

# भीषण गर्मी में राहगीरों को मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरूद

भीषण गर्मी के बीच राहगीरों और आमजन को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से तहसील साहू समाज कुरूद द्वारा प्याऊ घर का शुभारंभ किया गया। यह पहल जिला व्यापारी संघ साहू समाज धमतरी के निर्देशानुसार 1 मई से शुरू की गई, जहां लोगों को शीतल पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। प्याऊ घर के शुभारंभ कार्यक्रम में जिला व्यापारी संघ के महामंत्री गोकुल साहू, तहसील साहू समाज अध्यक्ष कृष्णकांत साहू सहित समाज के अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान समाजजनों ने इस सेवा कार्य की सराहना करते हुए कहा कि भीषण गर्मी में राहगीरों को ठंडा पानी उपलब्ध कराना सबसे बड़ा पुण्य कार्य है। समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि गर्मी के दिनों में आमजन को स्वच्छ एवं शीतल पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह व्यवस्था की गई है, ताकि लोगों को राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि समाज सेवा की भावना से किए जा रहे ऐसे कार्य आगे भी निरंतर जारी रहेंगे। कार्यक्रम में मनीष साहू, टिकेश साहू, राजकुमार साहू, तुकेश साहू, घनश्याम साहू, मोहित साहू, विक्की साहू, प्रभा साहू सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।



## खबर संक्षेप



### रविंद्रनाथ टैगोर की मनाई जयंती

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में भारत देश के महान साहित्यकार और प्रथम नोबेल पुरस्कार विजेता गुरुदेव रविंद्रनाथ टैगोर की जयंती पर नमन किया गया। इस दौरान कौशल्या चंद्राकर, भारती चंद्राकर, दामिनी चंद्राकर, रुपेश चंद्राकर, भूषण चंद्राकर आदि ने कहा कि रविंद्रनाथ टैगोर बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। वे एक प्रतिष्ठित लेखक, कवि, गीतकार, नाटककार, निबंधकार, चित्रकार और समाज सुधारक थे और भारतीय साहित्य और संस्कृति को विश्व मंच पर प्रतिष्ठित किया।

### सुशासन तिहार बना दिखावा : भूपेंद्र

**महासमुंद।** आम आदमी पार्टी के



प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र चंद्राकर ने राज्य सरकार के जारी "सुशासन तिहार" को पूरी तरह से दिखावा करार दिया है। उन्होंने कहा कि पिछले साल भी सरकार ने सुशासन तिहार मनाया था और इसी महीने सरकार ने 1 से 15 अप्रैल तक प्रदेश के हर जिले में समस्याओं के निराकरण के लिए शिविर लगाए। लेकिन, इन शिविरों में आम जनता द्वारा दिए गए हजारों आवेदन आज तक लंबित हैं। सरकार जवाब दे कि पिछले साल सुशासन तिहार में प्रदेश से कुल कितने आवेदन आए और कितने आवेदनों का निराकरण हुआ? साय सरकार निठल्ली सरकार है जनता की तकलीफों से इन्हें कोई सरोकार नहीं।

### खड़े वाहन से बोलेरो की टक्कर, एक की मौत

**महासमुंद।** नेशनल हाईवे 53 में काठी ढाबा के पास पिथौरा में सड़क किनारे खड़े एक मेटाडोर के पीछे से बोलेरो वाहन टकरा गई। घटना में बोलेरो में सवार एक 17 वर्षीय युवक की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मृतक जितेंद्र यादव पिता स्व. दर्शन यादव (17 वर्ष) निवासी बरेकेलकला थाना पटेवा की मर्ग जांच की गई। जांच में पाया गया कि मृतक जितेंद्र यादव 5 मई को बोलेरो वाहन क्रमांक सीजी 04 पीजेड 7872 से ओडिशा से माल खाली कर रायपुर जा रहा था, जब वह शाम 06 बजे नेशनल हाईवे 53 काठी ढाबा के पास पिथौरा पहुंचा था, तभी उसकी वाहन सड़क किनारे बिना संकेत दिए खड़े आईचर वाहन क्रमांक सीजी 07 सीके 9794 से पीछे से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। एक्सीडेंट में जितेंद्र के चेहरे, बांये पैर, सीना, बांये कंधे, बांये हाथ में गंभीर चोट लगी और घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। मामले में आरोपी आईचर वाहन क्रमांक सीजी 07 सीके 9794 के चालक के खिलाफ धारा 106(1), 285 बीएनएस के तहत अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया।

### जांच शिविर आज

**महासमुंद।** ग्राम लभराखुर्द स्थित सोहम हॉस्पिटल में आज 08 मई को हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ सुलभ चंद्राकर सुबह 11 से 1 बजे तक सेवाएं देंगे। जिसमें हृदय रोगी लैब टेस्ट अदि का भी लाभ ले पाएंगे।

## बारिश व तेज हवा से घरों के टिन शेड उड़े, धान को नुकसान











**नर्रा।** मंगलवार की शाम और बुधवार रात नर्रा क्षेत्र में बेमौसम बारिश के साथ तेज आंधी-तूफान से घरें में लगे टिन शेड, पेड़ों की टहनियां टूट कर गिरने की खबर है। इधर खेतों में लहलहाती रबी सीजन की धान फसल कटाई होने के पहले अंधड़ से खेतों में गिरकर बिछ गई। इससे किसानों की चिंता बढ़ गई है। क्षेत्र में दो दिन हुई तेज बारिश और आंधी से नर्रा और झिटकी में घरों में लगे टिन शेड उड़कर गली में गिर गए। इस प्रकार परकोम जाने वाले मार्ग प्रधानमंत्री सड़क के बीचोबीच बांस के झुंड आंधी से गिर गए।

### सुशासन तिहार : परसुली समाधान शिविर में सुनी लोगों की समस्याएं

# आवेदनों का मौके पर निराकरण नहीं होने से ग्रामीणों में बढ़ी नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

शासन के निर्देशनुसार आयोजित सुशासन तिहार 2026 समाधान शिविर बागबाहरा विखं के अंतिम छोर के ग्राम पंचायत परसुली के बुढ़ादेव हाई स्कूल परिसर में भीषण गर्मी के बीच सुशासन तिहार समाधान शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे थे। जिसमें मुख्य रूप सड़क पानी अर्थिक बुनियादि सुविधा से जुड़ी शिकायते हावी रही।

शिविर के मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखमसिंह ठाकुर शामिल हुए। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष केशव नायकराम चंद्राकर, इस क्षेत्र के जनपद सदस्य लोचन पटेल, सभापति लता कुम्हार स्थानीय सरपंच जलसिंह चक्रधारी, सरपंच प्रभा पटेल सरपंच खिलेश्वरी सिन्हा, सरपंच लीलाबाई



दीवान, सरपंच कौशिल्या पटेल, सरपंच पूर्णिमा सोनवानी सहित विभाग के अधिकारी कर्मचारी एवं ग्रामीण उपस्थित थे। सर्वप्रथम छग महतारी व विद्या के देवी मां सरस्वती की पूजा की गई। इसके बाद समस्त अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ रोली चंदन से किया गया। जिला पंचायत उपाध्यक्ष एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा स्टॉलो का अवलोकन कर प्राप्त आवेदनों एवं उनके निराकरण की स्थिति की जानकारी ली गई। ठाकुर ने ग्रामीणो की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। इस शिविर मे कुल 19 पंचायतों परसुली, खट्टी आदि गांवों के नागरिक शामिल हुए। इस शिविर में जनमानस को विभाग के अधिकारियों ने पारी पारी से जानकारी दी। सम्मान निधि की रशि पात्र किसानों को नही मिलना ज्यादा तर शिकायतें किसानों ने बताया की उनके बैक खाते में कापी समय से किस्त की राशी नही पहुंच रही है उन्हे खेती किसानी व अन्य कार्यो मे आर्थिक तंगी का सामना करना बताया। कृषि विभाग के अधिकारी ने किसानों को जानकारी देते कहा कि पात्र किसानों एग्रीटेक पंजीयन कराना अनिवार्य बताया तभी खाते मे राशि आने की बात कही गई। बुजुर्गो और विधवा महिलाओं ने अपनी पेंशन न मिलने की समस्या प्रमुखता से उठाई।

## कृषि वैज्ञानिकों ने कृषकों को उन्नत कृषि के बारे में दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

विकसित कृषि संकल्प अभियान का आयोजन जिले में 05 मई से 20 मई 2026 तक किया जा रहा है। जिसके तहत निर्धारित ग्राम पंचायतों में शिविर एवं किसान रथ के माध्यम से किसानों को जागरूक व प्रेरित किया जा रहा है। शिविर में जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में कृषकों एवं ग्रामीणजनों को मिलेट्स की खेती को बढ़ावा देने, फसल चक्र परिवर्तन, प्राकृतिक जैविक खेती, उन्नत बीज, उन्नत कृषि यंत्र, संतुलित उर्वरक, उद्यानिकी फसलों के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

विकसित कृषि संकल्प यात्रा के अंतर्गत किसान रथ गांव-गांव जाकर किसानों को कृषि योजनाओं, उन्नत तकनीकों और उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी प्रदान कर रहे हैं। साथ ही किसानों को जैविक खाद, उन्नत बीज, मृदा स्वास्थ्य कार्ड तथा विभिन्न कृषि योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, एग्रीटेक पंजीयन और फसल बीमा योजना की विस्तृत जानकारी दी जा रही है। शिविरों में सफल किसानों के अनुभव भी साझा किए जा रहे हैं, ताकि अन्य किसान उनसे प्रेरणा लेकर उन्नत एवं लाभकारी खेती को अपनाने के लिए प्रोत्साहित हो सकें। इस दौरान ग्राम मोखापुटका, बानीगिरोला, पासिद, हरनादादर, जलकी, पोटिया, खुटेरी, लोहारकोट, भठोरी सहित अन्य ग्रामों में कृषि रथ पहुंची। संकल्प यात्रा 20 मई तक जारी रहेगा।

कृषि उप संचालक एफआर कश्यप ने बताया कि यह रथ सुशासन शिविरों में जाकर भी किसानों को जानकारी प्रदान कर रहे हैं। शिविर में कृषि वैज्ञानिकों द्वारा खरीफ सीजन की तैयारी, आधुनिक खेती तकनीकों का उपयोग, प्राकृतिक खेती को बढ़ावा, दलहन-तिलहन एवं मक्का उत्पादन में वृद्धि पर किसानों को जागरूक किया जा रहा है। इसके अलावा मृदा स्वास्थ्य कार्ड के आधार पर संतुलित खाद उपयोग एवं मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने के उपायों पर भी मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है।

### अछोली गांव में धूल का गुबार, खस्ताहाल सड़कों से बढ़ा जान का खतरा : तुषार

**महासमुंद।** राष्ट्रीय तेली कर्मा सेना के संस्थापक व भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश



कार्यसमिति सदस्य अशवंत तुषार साहू ने कहा कि महासमुंद विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत अछोली के ग्रामीण इन दिनों उद्योग के नाम पर विनाश झेलने को मजबूर हैं। गांव के पिकाडली और आसपास संचालित पत्थर खदानों और क्रशरों ने अछोली के वातावरण को पूरी तरह प्रदूषित कर दिया है। स्थिति यह है कि गांव की सड़कों पर अब इंसानों से ज्यादा गिट्टी-पत्थर से लदे हाईवा नजर आते हैं, जो अपने पीछे धूल का ऐसा गुबार छोड़ जाते हैं कि दिन में भी विजिबिलिटी कम हो जाती है। ग्राम अछोली में करीब 30 से अधिक पत्थर खदान संचालित है। तुषार ने बताया कि गांव के पिकडिली कंपनी के भारी वाहनों ओवरलोड चलने के कारण सड़क उखड़ चुकी है। धूल के गुबार के कारण सड़क पर चलना दूभर हुआ। प्रदूषण का असर अब लोगों की सेहत पर दिखने लगा है।

# क्षय रोग निवारण के तहत 100 दिवसीय विशेष अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आई नागेश्वर राव, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ बीएस बढ़ई ,विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक हेमकुमार सोनकर, खंड विस्तार एवं प्रशिक्षण अधिकारी एम चौधरी के निर्देशन में राष्ट्रीय क्षय रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य प्राप्ति के लिए 100 दिवसीय विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दूसरे चरण में ब्लॉक टीम द्वारा गांव गांव में आयुष्मान आरोग्य शिविर लगाकर शंकास्पद व्यक्तियों का एक्स-रे किया जा रहा है।



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बागबाहरा के टीबी रोग प्रभारी रविंद्र कास्यकार ने बताया कि इस अभियान में ग्रामों को सामान्य गांव एवं उच्च जोखिम वाले गांव में बांटा गया है।उच्च जोखिम वाले गांवों के सभी व्यक्तियों का जांच किया जाना है। सामान्य गांव के कुल जनसंख्या का 20 प्रतिशत व्यक्तियों का जांच किया जाना है। प्राथमिकता के तौर पर अभी उच्च जोखिम वाले ग्रामों में आयुष्मान आरोग्य शिविर आयोजित कर 14 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के सभी व्यक्तियों का हैंड हैंडेड एक्स-रे मशीन के द्वारा एक्स-रे किया जा रहा है। इसी कड़ी में ब्लॉक बागबाहरा के ग्राम नर्रा, खट्टी एवं मुड़पार में शिविर आयोजित करके चिन्हांकित लोगों का एक्स-रे किया गया।



### जिला शिक्षा अधिकारी का फेडरेशन पदाधिकारियों ने किया स्वागत

**महासमुंद।** जिले के नवपदस्थ जिला शिक्षा अधिकारी का छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक फेडरेशन के पदाधिकारियों ने जिला अध्यक्ष ईश्वर चंद्राकर की अगुवाई मुलाकात कर पुष्पगुच्छ भेंट किया। इस दौरान पदाधिकारियों ने संगठन की प्रमुख मांगों को पर भी सार्थक चर्चा करते हुए पदाधिकारियों ने शिक्षकों की विभिन्न लंबित समस्याओं और विभागीय मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। जिला अध्यक्ष ईश्वर चंद्राकर ने मुख्य रूप से निम्नलिखित मांगें रखीं। मुलाकात में में प्रमुख रूप से कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष सिराज बक्श, जिला सचिव विनय यादव, ब्लॉक कोषाध्यक्ष आत्माराम साहू, ब्लॉक उपाध्यक्ष अजय बंजारे, मुकेश बैस, द्वारिका साहू सहित पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

## जिला अस्पताल में कैंसर जांच शिविर

**महासमुंद।** विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा महासमुंद द्वारा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध जिला चिकित्सालय महासमुंद में जिला स्तरीय विशेष कैंसर जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर विनय कुमार लंगेह कलेक्टर एवं पदेन अध्यक्ष के निर्देशन तथा डॉ. आई. नागेश्वर राव सचिव एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के नेतृत्व में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का संचालन संदीप दीवान सभापति, भूपेंद्र राठौर उपाध्यक्ष, पारस चोपड़ा कोषाध्यक्ष, महेंद्र कुमार श्रीश्रीमाल संरक्षक सदस्य, मनोज पींचा संरक्षक सदस्य एवं प्रबंधकारिणी के समस्त सदस्यों के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। शिविर में ब्रेस्ट कैंसर एवं सर्वाइकल कैंसर जांच, सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण, सिकल सेल, थैलेसीमिया एवं एनीमिया जांच, रक्तचाप एवं मधुमेह परीक्षण, स्त्री रोग परामर्श की जानकारी दी गई।

### जनपद अध्यक्ष ने की विधायक से मुलाकात



**महासमुंद।** जनपद अध्यक्ष दिशा रामस्वरूप दीवान एवं एवं जनपद सदस्य पुष्पा बाई ध्रुव ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भाजपा को मिले ऐतिहासिक जीत पर महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा से मुलाकात कर हर्ष जताया।

# प्रेम सहयोग सद्भावना के साथ रहने व रामचरित मानस को जीवन में उतारने के लिए किया गया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिरकोनी

ग्राम बिरकोनी में त्रिदिवसीय रामायण मानसगान समारोह का आयोजन ग्रामवासियों द्वारा बाजार चौक लीला रंगमंच में शाम 4 बजे किया गया। आयोजन में भगवान श्रीरामचंद्र, माता सीता एवं हनुमान की प्रतिमा स्थापित की गई। मानसगान के शुभारंभ अवसर पर सर्वप्रथम भगवान की प्रतिमाओं की पूजा-अर्चना कर दीप जलाकर मानसगान का शुभारंभ किया। जिसमें सर्वप्रथम राम जानकी मंदिर आचार्य पं लक्ष्मीनारायण महाराज ने भगवान रामचंद्र के आदर्शों को अपनाने के साथ ही प्रेम सहयोग एवं सद्भावना के साथ रहने व रामचरित मानस को सुनने व अपने जीवन में उतारने को कहा। उन्होंने बताया कि रामायण ही इस कलयुग में एकमात्र भक्ति मार्ग का साधन है। श्रीराम की छवि हर किसी को प्रेरित और प्रभावित करती है।

रामायण हमारी प्राचीन परंपरा है। इसे सुनने व कहने से जीवन के क्लेश कट जाते है। रामायण राम की कथा को बताती है। राम ने अपने जीवन में जो कार्य किए, वह आज भी समाज में अनुकरणीय है। मानसगान के संस्कृति संस्कार आज भी लोगों को प्रभावित करती है। माता-पिता का प्रणाम किया जाए



तो सात जन्मों का पाप धुल जाते है। इस प्रकार का आयोजन भावी पीढ़ी को जीवन जीने की कला सिखाती है। भाई के प्रति भाई का किस प्रकार से प्रेम होना चाहिए। पुत्र व माता के प्रति, माता को संतान के प्रति व्यवहार व विचार को स्पष्ट रूप से दर्शाती है। जिससे घर में सुख-समृद्धि आती है। मानसगान ग्रामीण संस्कृति का प्रतीक है। हमारी संस्कृति में मानस सदियों से रचा बसा है। गांव में रामायण मंडलियां है, जो रामचरित मानस की इतने रोचक ढंग से व्याख्या करती है कि श्रोता व भक्त घंटों कार्यक्रम स्थल पर जमे रहते हैं। प्रतिदिन आधा दर्जन मानस मंडली ने गायन, वादन, प्रवचन के माध्यम से मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान रामचंद्र के अमृतरूपी कथा का गुणगान कर रहे है। तीन दिनों तक बिरकोनी आयोध्या का रूप धारण कर लिया है। जहां सिर्फ राम चर्चा हो रही है। राम की कथाओं में श्रद्धालु डूबे हुए हैं। लोग समय निकाल कर भगवान का गुणगान सुनने बड़ी संख्या में पहुंच रहे है। रामायण मानसगान के साथ कार्यक्रम स्थल पर शाम 7 बजे सनातन वैदिक धर्म के सदस्यों ने हनुमान चालीसा पाठ व पूजा आरती किया गया। जिसमें दीपक वैष्णव, डॉ आर एल साहू, तेजेश्वर साहू, गुलाब कन्नौजे, चुकू चंद्राकर, उमेश चंद्राकर, भूपेंद्र चंद्राकर, नोहर ध्रुववंशी, सुद्देराम सेन, बुधारू निषाद, प्रकाश चंद्राकर, किशोर साहू मौजूद रहे।

online Booking:-www.tripuryatra.com

Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
21 मई, 04 जून, 30 जुलाई, 13 अगस्त, 03 सितम्बर, 01 अक्टूबर, 19 नवंबर, 17 दिसंबर 2026 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 18,500/-, 3 एसी 28,500/-, 2 एसी 31,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411